**जनपद- हमीरपुर**

**थाना –जलालपुर** **दिनांक 23.09.2026**

**थाना जलालपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग की धारा- 351(3) बी0एन0एस0 व 5M/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।**

**घटना का विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक 21.09.2026 को ग्राम पुरैनी में एक नाबालिग बालक के साथ आपत्तिजनक कृत्य किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना जलालपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जानकारी की गई। प्रकरण में पीड़ित बालक के परिजन द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियुक्त सोनू पुत्र भगत सिंह पाल उम्र करीब 22 वर्ष के विरुद्ध धारा 351(3) बीएनएस एवं 5M/6 पाक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**पुलिस कार्यवाही-**

आज दिनांक 23.09.2026 को थाना जलालपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र भगत सिंह पाल को मुखबिर खास की सूचना पर पुरैनी तिराहा, राठ रोड, जलालपुर जनपद हमीरपुर से गिरफ्तार कर प्रकरण में विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

सोनू पुत्र भगत सिंह पाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम पुरैनी, थाना जलालपुर, जनपद हमीरपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान-**

पुरैनी तिराहा, राठ रोड, जलालपुर जनपद हमीरपुर।

**पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 शिवाजी मौर्य

2.का0 कृष्ण कुमार शर्मा

3.का0 विवेक यादव

